**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**08.01.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे**

**एक देश एक चुनाव**

एक देश एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज होगी। ये विधेयक हैं–एक सौ 29वां संविधान संशोधन विधेयक और केंद शासित प्रदेश विधान संशोधन विधेयक 2024। कानून और न्यांय मंत्रालय के प्रतिनिधि समिति के सदस्यों को प्रस्तावित विधेयकों के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देंगे।

**गडकरी**

केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे देश में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना घोषित की है। इसके तहत संस्थान की स्थापना के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी जायेगी। स्वचालित परीक्षण केंद्र और चालक प्रशिक्षण संस्थान की एकीकृत अवसंरचना के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है व सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिये वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ हुई बैठक में सडक सुरक्षा पर प्राथमिक रूप से विचार विमर्श हुआ।

**मंत्रिमंडल**

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में आय साधन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार स्टांप डयूटी बढ़ाने पर भी कोई फैसला ले सकती है। इसके अलावा मंत्रिमंडल राज्य में स्पेशल टॉस्क फोर्स के गठन के नाम पर भी चर्चा कर सकता है। कैबिनेट में नए पदों के सृजन व भर्तियों पर भी अहम फैसले लिए जाने की उम्मीद है।

**बिंदल**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार केवल सत्ता में बने रहने का प्रयास कर रही है। शिमला से जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ कांग्रेस की सरकार को समर्थन दिया और अब ये सरकार जनता के पैसों का दुरूपयोग कर रही है। बिंदल ने ये भी कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए झूठी गारंटियां लोगों को दी जो अभी तक पूरी नहीं की गई है।

**स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि हयूमन मेटान्यूमो वायरस एक सामान्य वायरस है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

................

शिमला में एचएमपीवी वायरस के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सहित प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग एचएमपीवी पर लगातार नज़र बनाए हुए हैं। उन्होंने प्रदेश वासियों से सावधानी बरतने का अनुरोध करते हुए कहा कि यदि किसी को खांसी या बुखार जैसे लक्षण नज़र आए तो वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपने स्वास्थ्य की अवश्य जांच करवाएं। इस बीच आई.जी.एम.सी शिमला के मैडिसन विभाग के सहायक प्रौफेसर उशेंद्र ने बताया कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस एक सामान्य वायरस है जो ज्यादातर बच्चों, वयस्कों और कमजोर प्रतिरक्षक क्षमता वाले लोगों में फैलता है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण लोगों को अस्पतालों में इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जो सुविधाएं पूर्व भाजपा सरकार में तत्काल और निशुःल्क मिल रही थी आज उसके लिए भी लोगों को तरसना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजधानी शिमला में स्थित आईजीएमसी में भी सरकार छोटी से छोटी दवाईयां भी उपलब्ध नही करवा पा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के बारे में गंभीरता से विचार करने की सलाह भी दी।

**पैराग्लाइडिंग**

कुल्लू ज़िला के रायसन साईट में कल पैराग्लाडिंग के दौरान एक पैराग्लाइडर के क्रैश हाने से एक पर्यटक की मौत हो गई। हमारे जिला सवांददाता के अनुसार गंभीर रूप से घायल इस पर्यटक को स्वास्थ्य लाभ के लिए एक निजी अस्पताल से मेडिकल कालेज नेरचौक रेफर किया गया जहाँ उसकी मृत्यू हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**मौसम**

राजधानी शिमाला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। बीते दिनो प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हिमपात से न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते लोगों को सुबह–शाम कडाके की ठंड से जूझना पड़ रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने 10 जनवरी तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान विभाग ने मैदानी इलाकों में अलग–अलग स्थानों पर कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

———————————————